संख्या– 1102 /XX–2/2022–5(5)/2022

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

कमाण्डेण्ट जनरल, होमगार्ड्स,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

गृह अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक 28 जून, 2022

विषय– होमगार्ड स्वयंसेवकों को धुलाई भत्ता अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या–31954, 31955, 31956 में मा0 उच्चतम् न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 30.07.2019 के अनुपालन में शासनादेश संख्या–1173/XX(5)/19–11(रिट)/2018, दिनांक 24.12.2019 द्वारा होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को 30 दिन के माह के आधार पर रू0 600/– (रू0 छः सौ मात्र) प्रतिदिन मात्र ड्यूटी भत्ता स्वीकृत किये जाने के अनुक्रम में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित अवमानना वाद संख्या 125/2022 विरेन्द्र सिंह रावत बनाम डा0 सुखबीर सिंह संधू व अन्य में उल्लिखित तथ्यों के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त् मा0 उच्चतम् न्यायालय के आदेश दिनांक 30.07.2019 के अनुपालन में होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को दिनांक 25.04.2017 से धुलाई भत्ता भी अनुमन्य किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2– उक्त के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 उच्चतम् न्यायालय, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30.07.2019 के अनुपालन में होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा पारित निर्णय दिनांक 25.04.2017 के अनुक्रम में दिनांक 25 अप्रैल, 2017 से नवम्बर, 2019 तक वर्दी धुलाई भत्ता रू0 150/– एवं दिनांक 08 नवम्बर, 2019 से पुनरीक्षित धुलाई भत्ता रू0 200/– प्रतिमाह ड्यूटी दिवस के अनुपात में अनुमन्य किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3– इस पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष के अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक 2070–अन्य प्रशासनिक सेवायें–00–आयोजनेत्तर–107–होमगार्ड्स–03–सामान्य अधिष्ठान के मानक मद 02–मजदूरी के नाम डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के अशासकीय संख्या–I/45822/2022 2022, दिनांक 27 जून, 2022 में प्रदत्त सहमति के कम में निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
अपर मुख्य सचिव

संख्या– /XX–2/2022–5(5)/2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अपर मुख्य सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2– महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी/ऑडिट, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3– मण्डलायुक्त, कुमांऊ/गढवाल मण्डल, उत्तराखण्ड।
4– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5– समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड।
6– समस्त जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्ड, उत्तराखण्ड।
7– बजट राजकोषीय नियोजन व संसाधान निदेशालय सचिवालय, देहरादून।
8– साईबर ट्रेजरी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9– समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
10– वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग–5, उत्तराखण्ड, देहरादून।
11– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अतर सिंह)
अपर सचिव